### एक नजर में

## कलेक्टर ने देखी परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था, दिए निर्देश



**शाजापुर, 11 फरवरी.** मंगलवार से हायर सेकेंडरी की परीक्षा जिले के सभी केन्द्रों पर प्रारंभ हुई, जिले के कई परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा में शामिल होने आए विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर तनाव रहित वातावरण प्रदान करने के लिए उनका तिलक व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गय, साथ ही उन्हें परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी. इस कलेक्टर ऋजु बाफना ने भी जिला मुख्यालय पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उमावि तथा सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. साथ ही उन्होंने संबंधित केन्द्र प्रभारी को आवश्यक निर्देश भी दिए. इसी तरह जिले में गठित 7 निरीक्षण दलों के अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया गया. जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्रसिंह शिप्रे ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में कक्षा 12वी के अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र जिले के 58 केन्द्रो पर निर्विघ्न सम्पन्न हुआ. माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार समस्त परीक्षा केन्द्रो पर प्रकाश पानी व दीवाल घड़ी की व्यवस्था कर परीक्षा के लिए अनुकुल वातावरण उपलब्ध कराया गया. इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी शिप्रे ने सतत भ्रमण कर विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि परीक्षा के उपरान्त मोबाईल एप्प के माध्यम से निरीक्षण दलो, केन्द्राध्यक्षों प्रेक्षको ने परीक्षा की समस्त वांछित जानकारी मण्डल को प्रेषित की गई.

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर छात्रों को किया जागरूक




**शाजापुर, 11 फरवरी.** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी शाजापुर द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंटरनेट के सदुपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा फ्राड लिंक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई से जुड़ी संभावित धोखाधड़ी के प्रति सचेत किया गया. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुप्रियो बर्मन ने विद्यार्थियों को बताया कि प्रतिदिन साइबर फ्राड के मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में छात्रों को इंटरनेट का उपयोग बेहद सावधानी से करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की ठगी से बचा जा सके. उन्होंने सुरक्षित ब्राउजिंग, संदिग्ध लिंक से दूरी और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर जोर दिया. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त और सुरक्षित बनाते हैं. विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए. इस अवसर पर अतिरिक्त सूचना विज्ञान अधिकारी मानसी दहिया, जिला रोलआउट प्रबंधक संजय विश्वकर्मा तथा नेटवर्क इंजीनियर नितेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे.

## परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारकों पर प्रतिबंध

**सोयतकलां, 11 फरवरी.** बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कानून .व्यवस्था बनाए रखने एवं परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी आगर-बडौद मिलिंद ढोके द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है .जारी आदेश के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्रों से 100 गज की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश एवं अवांछनीय गतिविधियां पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगी, साथ ही विद्यार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को नियंत्रित किया गया है, ध्वनि प्रदूषण विनियमन एवं नियंत्रण नियम 2000 यथासंशोधित के तहत निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य रहेगा, नियमों के अनुसार औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय एवं साइलेंस जोन के लिए दिन एवं रात्रि की ध्वनि सीमा निर्धारित है, जिसका सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा.

**10 मार्च तक प्रभावशील रहेगा आदेश**

विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन अथवा अन्य कार्यक्रमों में डीजे एवं लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में तथा संबंधित तहसीलदार आगर, बडौद से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जा सकेगा, नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. आदेश 10 फरवरी से 10 मार्च तक प्रभावशील रहेगा. आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा.

## मना करने के बाद भी संकरी गली में घुसा डंपर, नाले में फंसा



**शाजापुर, 11 फरवरी.** नगर के काशीनगर क्षेत्र में मुरम से भरा एक डंपर नाले में धंस गया और एक मकान से टकरा गया. जहां रहने वाले लोगों ने वहां से बमुश्किल निकलकर अपनी जान बचाई. खास बात यह है कि लोगों ने चालक को समझाया था कि वह संकरी गली में न घुसे, लेकिन वह नहीं माना और हादसा हो गया. घटना बुधवार सुबह करीब 10 .30 बजे की है, गली में एंट्री करते ही डंपर का एक पहिया सड़क किनारे बने नाले में धंस गया. इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पास के एक मकान से जा टकराया. उस समय मकान के बाहर मौजूद लोगों ने तुरंत हटकर अपनी जान बचाई. गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने चालक की लापरवाही पर नाराजगी जताई. उनका कहना है कि मना करने के बावजूद चालक जबरन डंपर गली में ले गया. सूचना मिलने पर पहुंची लालघाटी पुलिस ने डंपर चालक और वाहन मालिक से पूछताछ की, पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

# महादेव को निहारने मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## शिवालयों में चल रही महाशिवरात्रि की तैयारियां

**शाजापुर, 11 फरवरी. रविवार को जिले भर में शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा.आयोजन को लेकर शिवालयों में तैयारियां की जा रही है. इसी को लेकर बुधवार को नगर के प्राचीन श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर व श्री घाट स्थित शिव मंदिर में महादेव को हल्दी व मेहंदी लगाकर श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए.**

आयोजन की शुरूआत 10 फ़रवरी को श्री गणेश पूजन से हो गई, आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर में महिलाओं ने महादेव को हल्दी व मेहंदी लगाई गई. इसके बाद महिलाएं मंगल गीत गाते हुए ढोल ढमाकों के साथ कुम्हार के यहां पहुंचे और चॉक का पूजन कर चॉक बधाई दी गई. वहीं खल मट्टी पूजा की गई.

**गणेश पूजन, माता पूजन की रस्में निभाई**



महादेव को हल्दी लगाती महिलाएं

इसके बाद महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर गणेश पूजन, माता पूजन की रस्में निभाई. आयोजन के अगले दिन गुरूवार को भी मंदिर में शिव विवाह को लेकर आयोजन किए जाएंगे. इसके बाद 15 फरवरी को माता पार्वती संग महादेव का विवाह धूमधाम से होगा. जिसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही पांच दिवसीय विवाह महोत्सव भी मनाया जा रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर नाच.गाकर विवाह की खुशियां मना रहे हैं.

**मंदिरों में हो रहा रंग रोगन, विद्युत सज्जा**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव विवाह को लेकर भक्तों में उत्साह नजर आ रहा है जो शिवालयों को सजाने में जुट गए हैं. कहीं रंग रोंगन किया जा रहा है तो कहीं आकर्षक विद्युत सज्जा की तैयारियां की जा रही है. नगर के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर सहित श्री घाट, भीमघाट, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, मंगलनाथ महादेव मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालु शिव विवाह की तैयारियों में जुटे नजर आ रहे हैं.



शिव विवाह की खुशी में नाचते-गाते श्रद्धालू

## साक्ष्य के लिए पेश नहीं होने पर मुचलका राशि वसूली का नोटिस

**रवि भंडारी को 25 फरवरी को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश**

**शुजालपुर, 11 फरवरी. सत्र प्रकरण क्रमांक 53/2023 में न्यायालय में साक्ष्य के लिए उपस्थित नहीं होने पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शुजालपुर ने पुलिस अधिकारी रवि भंडारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

एजीपी विद्याधर सोनानिया ने बताया कि न्यायालय से जारी आदेश के अनुसार रवि भंडारी निवासी कालापीपल के खिलाफ1000 रुपये का जमानती वारंट निष्पादित किया गया था. इसके बावजूद वे साक्ष्य के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए और अनुपस्थित रहने का कोई कारण भी प्रस्तुत नहीं किया. इस पर न्यायालय ने उनके द्वारा दिए गए मुचलके की राशि 1000 रुपये वसूल किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है. आदेश में कहा गया है कि रवि भंडारी आगामी निर्धारित तिथि 25 फरवरी 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर कारण प्रस्तुत करें कि उनके मुचलके की राशि क्यों न जब्त कर वसूल की जाए. न्यायालय के आदेश के बाद संबंधित व्यक्ति को समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए.

## हाईवे पर हुई कार-बाइक की टक्कर, कार चालक ने किया अभद्र व्यवहार

**शाजापुर, 11 फरवरी.** शहर के बीच से गुजरने वाले हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब 1 बजे मोहन श्री होटल के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार मां और बेटा घायल हो गए, हादसे के बाद कार चालक ने बदसलूकी की. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी. जानकारी के अनुसार अभिजीत सूर्यवंशी अपनी मां रेखा सूर्यवंशी के साथ एक निजी अस्पताल से उपचार कराकर घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस भिड़ंत में रेखा सूर्यवंशी के पैर में चोट आई, घायल अभिजीत ने आरोप लगाया कि गलती होने के बावजूद कार चालक ने माफी मांगने के बजाय दादागिरी शुरू कर दी. हंगामे के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. पुलिस के आते ही कार चालक फरार हो गया. पहुंची पुलिस ने घायल मां बेटे को थाने भिजवाया और कार के नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर उसे कोतवाली तलब किया. कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि दोनों पक्षों को आमने सामने बैठाकर चर्चा की गईं दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को सुलझाते हुए समझौता कर लिया.

## शोपीस बनी नगर परिषद द्वारा बनाई लाखों रुपए की सब्जी मंडी

### माधव चौक छोड़ पीली खदान रोड पर लगने लगा जाम

**सोयतकलां, 11 फरवरी. नगर में पुरानी सब्जी मंडी माधव चौक में लगाई जा रही थी, जहां जगह कम और आए दिन जाम की स्थिति को देखते हुए नगर परिषद द्वारा नई सब्जी मंडी पीली खदान रोड पर बनवाई गई, जहां पर 74 दुकानों का पक्का ओटला निर्माण कराया गया और दुकान टोकन के माध्यम से वितरण की गई है. लेकिन यहां पर एक भी दुकान पर सब्जी विक्रेता बैठने को तैयार नहीं है, जिन दुकानदारों ने अपनी राशि जमा कर ओटले लिए हैं वह भी मंडी के नीचे तंबू लगाकर सब्जी बेच रहे हैं.**

देखा जाए तो पिड़ावा चौराहे से पीली खदान रोड पर बाईपास पांच गांव का रास्ता जाता है जिस पर स्कूली बच्चों के वाहन बाइक सवार और अन्य वाहनों का आवागमन लगा रहता है. शाम 4 बजते ही जाम की स्थिति बनी रहती हैं पर जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है. नगर में महाशिवरात्रि पर माधव चौक में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं. जहां पर लंबी-लंबी कतारे लगती है. आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए पुलिस बल तैनात किया जाता है ताकि लाइन से सुगम दर्शन हो सके इसी के बीच अटल उद्यान के समय लगे हुए ठेले जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं. नगर परिषद द्वारा जो सब्जी मंडी बनाई गई है वह पूर्ण रूप से खाली दिखाई दे रही है जो कहीं ना कहीं नगर परिषद की लापरवाही को दर्शा रही है, नई सब्जी मंडी जब बनी थी तब नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा सख्ती की गई थी पर 8 दिन के बाद नगर परिषद के कर्मचारी भी न्यूट्रल दिखाई देने लगे, जो आए दिन जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं.



खाली पड़ी सब्जी मंडी

### अटल उद्यान एवं 105 फीट ऊंचा तिरंगा...

नगर परिषद द्वारा पुरानी सब्जी मंडी की जगह पर नवनिर्मित अटल उद्यान का निर्माण किया गया है, जहां पर 105 फीट ऊंचे तिरंगा फहराया गया. वहीं अटल उद्यान मैं तरह-तरह की सजावट और फव्वारे नगर की युवा पीढ़ी को आकर्षित कर रहे हैं जो नगर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा कुंवर जादौन से जब अटल उद्यान के बारे में जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया की नगर के वरिष्ठ बुजुर्ग वृद्ध जनों द्वारा आवेदन के माध्यम से कहा गया कि सोयतकलां में ऐसी कहीं भी जगह नहीं है जहां कोई थका हुआ व्यक्ति यात्री या वृद्ध सुकून से 10 मिनट बैठ सके. ऐसी जगह सोयतकलां नगर में कहीं पर भी नहीं दिखाई दे रही है इसी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा अटल उद्यान के नाम से पार्किंग स्थल बनाया गया. जहां पर कोई बाहर से आया हुआ व्यक्ति और बुजुर्ग सुकून से बैठकर पूरे नगर को देख सके.



नगर में रोड़ पर लग रही सब्जी की दुकानें

## पुलिस व डॉक्टर्स ने बताया आपात स्थिति में जान बचाने का तरीका

### आम लोगों को दी सीपीआर की ट्रेनिंग



**शाजापुर, 11 फरवरी. यातायात पुलिस ने आम नागरिकों को सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन का प्रशिक्षण दिया. यह प्रशिक्षण टंकी चौराहा और दुपाड़ा रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें जिला अस्पताल शाजापुर के डॉक्टरों की टीम भी शामिल हुई. जिन्होंने आपात स्थिति में लोगों की जान कैसे बचाई जाए इसके बारे में विस्तार से बताया.**

प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टरों ने आपात स्थिति में जान बचाने के तरीकों की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने, दुर्घटना या हृदय गति रुकने पर सीपीआर कैसे दिया जाता है और शुरुआती समय में सही कदम उठाकर कैसे किसी की जान बचाई जा सकती है. इस दौरान डॉक्टरों ने डेमो के जरिए पूरी प्रक्रिया समझाई और आम लोगों से इसका अभ्यास भी करवाया.

### नगरवासियों ने रूचि के साथ लिया प्रशिक्षण...

चौराहे पर चल रहे इस प्रशिक्षण को वहां से गुजर रहे जिस नगरवासी ने देखा वह अपने वाहन रोककर कार्यक्रम में शामिल हो गया. लोगों ने इसमें गहरी रुचि दिखाई और सवाल पूछे. साथ ही अपनी शंकाओं का समाधान किया. यातायात पुलिस और डॉक्टरों की टीम ने सभी प्रश्नों के उत्तर देकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया. यातायात थाने में पदस्थ सूबेदार सौरभ सिंह चौहान ने बताया कि यह सीपीआर प्रशिक्षण अभियान पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है, इसके अलावा लोगों को राहवीर योजना का भी प्रचार व प्रसार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है.

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाजापुर, 11 फरवरी. जिले में 9 से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. आज ग्राम कालीसिंध एवं ग्राम बेरछा में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसके अंतर्गत ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचने, वित्तीय साक्षरता, बैंक खाते में जमा राशि की सुरक्षा एवं खातों में ई-केवायसी करवाने संबंधी जानकारी प्रदान की गई.**

ग्राम कालीसिंध के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से अग्रणी जिला अधिकारी अंकुश सिन्हा उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा एवं सतर्कता सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एक दिवस के लिए 10 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के लिए डिजिटल वेन भी रवाना की गई, जिसके द्वारा एक दिन में लगभग 100 किमी की यात्रा तय कर ग्राम किसोनी, मगरानिया, जेठड़ा, खाटसुर, हड़लायकलां, सालिया, मोरटा केवड़ी, निवालिया, बटवाड़ी, उचोद एवं अंजनाई में घूमकर वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई. इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह, आरसेटी डायरेक्टर सत्यवीर सिंह चौहान, एनआरएलएम अधिकारी बलवंत शितोले उपस्थित थे.

**एक नजर में** | **लाखों के माल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े चार बदमाश**

# सोलर प्लांट से चुराई थी लाखों की सोलर प्लेट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाजापुर, 11 फरवरी. जिले के ग्राम बुरलाय स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट से अज्ञात बदमाशों ने 2 लाख रूपये से अधिक की सोलर प्लेट चुरा ली थी, मामले में सुपरवाईजर ने पुलिस को शिकायत की. जिसे गंभीरता से लेते हुए मोहन बड़ोदिया पुलिस ने 20 दिनों में मामले का खुलासा करते हुए चोरी गए माल, उपयोग किया गया वाहन जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा आरोपियोंसे अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21-22 जनवरी की दरमियानी रात ग्राम देहरीपाल-बुरलाय स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट के ब्लॉक नंबर 12 से 31 सोलर प्लेटों का एक बंडल चोरी हो गया था, इस मामले में 22 जनवरी को करणी सील्ड कंपनी के सुपरवाइजर पंकज गुर्जर ने मोहन बड़ोदिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की. थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में टीम बनाई गई. जांच के दौरान पुलिस ने नितेश सोलंकी 24, धर्मेंद्र सिंह 23, विशाल कटारिया 19 और अर्जुन सूर्यवंशी 23 को हिरासत में लिया. पूछताछ में चारों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया. बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि चोरी की गई सोलर प्लेटों को टाटा मैजिक एमपी 13 एल 5246 में भरकर बेचने के इरादे से बुरलाय के जंगल में छिपा दिया था. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 2 लाख 75 हजार 808 रुपए कीमत की 31 सोलर प्लेटें और 4 लाख 50 हजार रुपए कीमत का वाहन बरामद किया. इस प्रकार पुलिस ने कुल 7 लाख 25 हजार रूपये का माल बरामद किया है.

### बड़ौद में हुई वारदात में भी शामिल थे बदमाश

विवेचना के दौरान पता चला की बड़ौद पुलिस द्वारा कुछ आरोपियों को उनके चोरी के अपराध में पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ हेतु पुलिस टीम रवाना कि गई, पुलिस टीम द्वारा आरोपी नितेश सोलंकी, धर्मेन्द्र सिंह पिता तकसिंह राजपूत, विशाल कटारिया व अर्जुन सुर्यवंशी से सख्ती से पुछताछ की . पूछताछ में उक्त चारों आरोपियों द्वारा 21 से 22 जनवरी की मध्य रात्री में ग्राम देहरीपाल बुरलाय एनटीपीसी कम्पनी के सोलर प्लांट से प्लेट चुराना स्वीकार किया.




### सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील...

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ शाजापुर और आगर जिलों में पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं. अन्य जिलों में हुई वारदातों को लेकर भी उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की अपील की है.